# VIVEKANANDA VIDYA MANDIR

VIVEKANANDA VIDYA MANDIR
RANCHI
ESTD. 1970

*(A C.B.S.E. Affiliated New Generation English Medium Co-Ed School)*

**From KG to Class XII**
Run By:
**SRI RAMAKRISHNA SEVA SANGHA**


*Ref :* VVM/2017-

*Date :* 12th January 2017

## प्रेस विज्ञप्ति

आज 12 जनवरी 2017 को विवेकानन्द विद्या मंदिर के प्रांगण में अध्यात्मिक महानायक स्वामी विवेकानन्द जी की 154वीं वर्षगांठ पर **"युवा दिवस समारोह"** का आयोजन हुआ।
सभा का आरम्भ विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रार्थना से किया गया। कार्यक्रम का संचालन दशम के छात्र सुशांत के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वामी जी की स्तुति गायन प्रस्तुत की गई। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र ऋतु राज ने स्वामी जी के द्वारा शिकागो में दी गई भाषण का प्रस्तुतिकरण किया। तत्पश्चात कक्षा दसवीं की छात्रा अन्नपुर्णा चौबे ने युवाओं के प्रेरणाश्रोत के रूप में स्वामी जी के विचारों को प्रस्तुत किया तथा कक्षा सातवीं की छात्रा रागिनी पाठक द्वारा स्वदेश मंत्र प्रस्तुत किया गया। कक्षा नौवीं के छात्र ऋषिकेश सिंह व अभिजित शेखर चौधरी द्वारा स्वामी जी के जीवन से संबन्धित प्रश्नोत्तरी कर बच्चों का उत्साह वृद्धि किया गया तथा उन्हें पुरस्कृत किया गया।
अंत में विद्यालय के सारे शिक्षकगण व विद्यार्थियों द्वारा स्वामी जी की प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। विद्यालय के द्वारा सारे बच्चों को मिठाइयाँ दी गईं।

(ब्रह्मानन्द द्विवेदी)
प्राचार्य


SECTOR II, JAGARNATH NAGAR, DHURWA, RANCHI – 834 004
Tel : (0651)2440954, 2441422 Fax: 2441422
Email : vvm.ranchi@gmail.com, vivekananda_mandir@yahoo.co.in